






# ओझरा में अनियंत्रित बस मकान में जा घुसी

## 30 से अधिक यात्री घायल, गंभीर घायलों को जिला अस्पताल खरगोन किया रैफर

**नवभारत न्यूज**

**ओझरा, निप्र।** खरगोन से इंदौर जा रही एक चढ़ाव वाला पाटीदार बस ओझरा दरगाह के पास अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसी। हादसे के समय बस में करीब 30 से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि लगभग सभी यात्रियों को चोटें आईं, जिनमें कई लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलते ही प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। घायलों को तुरंत कसरावद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों खरगोन रेफर किया गया बेहतर उपचार के लिए खरगोन अस्पतालों में रेफर करने की तैयारी भी की जा रही है। आसपास के स्वास्थ्य केंद्रों से कई एंबुलेंस मौके पर पहुंचाई गईं, जिससे राहत कार्य तेज किया जा सका। जानकारी मिलते ही कसरावद थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित करते हुए जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना को देखते ही शहर के लोग भी अस्पताल पहुंचे मदद के लिए सब ने अपने-अपने तरीके से मदद की वही वेलफेयर सोसाइटी के शोबी खान, उमर खान सोयेब पंजाबी एवं साथीयो द्वारा मदद की गई।





## एक नजर में

### नर्सिंग कोर्स करने वाले विद्यार्थियों ने सौंपा ज्ञापन



**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह के नर्मदा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज के नर्सिंग कोर्स की छात्राएं शासन द्वारा विगत 2 व र्ष से छात्रवृत्ति नहीं मिलने से परेशान हो रही हैं। इसी समस्या को लेकर इन छात्राओं ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इस बाबद श्री गुप्ता ने बताया कि नर्सिंग का कोर्स कर रही छात्राएं नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आई हैं। इनकी 28 अप्रैल 2026 से परीक्षा होना है परंतु शासन स्तर पिछले दो वर्ष से छात्राओं को शासन से छात्रवती नहीं प्राप्त हुई एवं संस्था दो वर्ष से छात्राओं से पूर्ण फीस नहीं ली गई एवं परीक्षा में बिठाया गया एवं अंतिम वर्ष की परीक्षा पूर्व अभी अभिभावकों एवं छात्राओ से फीस पूर्ण करने को कहा गया परंतु छात्राएं पूर्ण राशि देने में समर्थ नहीं हे कॉलेज प्रशासन ने अभी छतराओ को बिना फीस के श्री गुप्ता के निवेदन पर परीक्षा में सम्मिलित होने को कहा गया श्री गुप्ता द्वारा इस संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री माननीय विश्वास जी सारंग एवं नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय कैलाश जी विजयवर्गीय से फोन पर बात कर इस विषय को संज्ञान में लाया गया। उन्होंने इस समस्या का निराकरण कर छात्रवृत्ति आवंटित करने का आश्वासन दिया है।

### अक्षय तृतीया पर 100 साल से भी अधिक पुरानी गाड़ा खिंचाई की परंपरा श्रद्धा निभाई

**बिस्टान, निप्र।** बिस्टान समीप ग्राम उमरखाली में अक्षय तृतीया पर 100 साल से भी अधिक पुरानी गाड़ा खिंचाई की परंपरा श्रद्धा व उत्साह के साथ निभाई गई। यह परंपरा गांव के मां मोटी माता मंदिर से जुड़ी हुई है। यहां श्रद्धालु मन्नत पूरी होने पर गाड़ा खींचकर आस्था प्रकट करते हैं। इस वर्ष भी मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार गाडे खींचकर रस्म आदा की। दोपहर 2:00 बजे से शुरू हुआ यह धार्मिक आयोजन श्याम 7:30 बजे तक चलता रहा। इस दौरान पांच बार गाडे खींचे गए। ढोल तासो व जयकारो के बीच पूरे गांव में धार्मिक माहौल बना रहा। ग्राम में मौजूद देवी शक्ति के चलते अलग-अलग जगह स्थापित पांच गढ़ से 11 गाडे 5 बार चले। मंदिर में आयोजन के अंत में मां भवानी मंदिर में पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया। गांव की समृद्धि की कामना की गई। इस पर्व पर एक दिन मेले का आयोजन मोटी माता मंदिर परिसर में हुआ। गाडे खिंचाई की रस्म देखने बिस्टान, पेनपुर, मोहना, कोठा, खरगोन, आदि जगहों से लोग पहुंचे, । एक दिन पहले रात भर गांव व आसपास के देवी देवताओ ओर खांडेराव भगवान का पूजन हुआ।



### पृथ्वी दिवस पर एकलव्य आदर्श विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**खरगोन, निप्र।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चित्रकला, लघु नाटक एवं भाषण के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया। आयोजित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास हुआ। विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुतिकरण के जरिए पर्यावरण संतुलन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या श्रीमती रेखा रानी चौहान ने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े छोटे-छोटे प्रयास अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एकजुट हुए पेंशनर्स ने सौंपा ज्ञापन



**खरगोन, निप्र।** अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर पेंशनर एकजुट हुए। केंद्र के समान महंगाई भत्ता और धारा 49 (6) विलोपित करने जैसी मांगों को लेकर विरोध के स्वर मुखर किए। बुधवार को जिलेभर के पेंशनर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र के बैनर तले नारेबाजी कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा एसोसिएशन अध्यक्ष इंजी. राधेश्याम पाटीदार ने बताया कि पेंशनर अपनी जायज मांगों को लेकर पिछले 15 वर्षों से गांधीवादी और लोकतांत्रिक तरीके से समय- समय पर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करा रहे है, लेकिन हमारी मांगों पर सरकार का उदासीन रवैया नजर आने से पेंशनरों में आक्रोश व्याप्त है। हमारी मांग हे कि पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाए, राज्य पुर्नगठन की धारा 49 (6) विरालेपित की जाए। उच्च न्यायालय के निर्णय का पालन करते हुए छंटवे वेतनमान के 32 माह एवं सांतवे वेतन के 27 माह का एरियर राशि का तत्काल भुगतान किया जाए। आयुष्मान निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए। 30 जून से 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की भी एक वेतन वृद्धि की जाए। 2005 से लागू हुई पेंशन योजना को बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए, जेसी मांगें शामिल है। इस दौरान अनिल बार्चे, डॉ. पुष्पा पटेल, तेजकरण गुप्ता, राधेश्याम यादव, दिलीप सिंह जगतापी, नरेंद्र तंवर, राजेंद्र तिवारी, महेश मोयदे, विक्रम तंवर, अजय केशरे आदि पेंशनर मौजूद रहे।

## राज्य शिक्षक संघ टीम ने सहायक आयुक्त आर्य का किया सम्मान

**बिस्टान, निप्र।** जनजातीय कार्य विभाग में नवागत सहायक आयुक्त कविता आर्य का राज्य शिक्षक संघ ने पुष्पहार एवं पुष्य गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया जाना है।

इस दौरान राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, प्रभुराम मालवीया, अमित शर्मा, मुरली महाजन, विष्णु पाटीदार, अर्चना गुप्ता, कृष्णराज राठौर, अर्चना गीते, चंद्र किरण गुप्ता, दीपक पटेल, आशीष तिवारी, सुनील पाटीदार, गोपाल बारचे, घनश्याम पटेल, सुनील सेंगर, गणेश मालवीया, आनन्द मालवीया, आशीष कुशवाह, महेश पाटीदार, नरेंद्र पंचोले, अजय जोशी, घनश्याम मालवीया, रामलाल वर्मा, अमित बर्वे, सिराजुद्दीन शेख, अकिल खान, सत्येंद्र तोमर, आनंद राम सोनगरे, अजय पारीक, राजेंद्र मंडलोई सहित बड़ी संख्या में शिक्षक साथी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



**हर समस्याओं का होगा समाधान:-** इस अवसर पर सहायक आयुक्त कविता आर्य ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक विकास का होगा। साथ ही शिक्षकों से भी उन्होंने कहा कि वे समय के पाबंद रहे एवं समय पर स्कूल पहुंचे शिक्षा के गुणात्मक सुधार में ध्यान दें। उन्होंने कहा कि उनका प्रमुख लक्ष्य आगामी शिक्षा सत्र में बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम बेहतर से बेहतर निकले इसके लिए हर संभव प्रयास करना। साथ ही शिक्षकों की समस्याओं का भी समाधान करने के लिए उन्होंने आश्वस्त किया।

## बढ़ने लगी सूरज की तपन, लू से बचाव के लिए अलर्ट

**खरगोन, निप्र।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। बुधवार को अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 22.6 डि.से दर्ज किया गया।

सीएमएचओ ने अलर्ट जारी करते हुए नागरिकों से लू से बचाव के लिए सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जब किसी क्षेत्र में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है, तब लू की स्थिति बनती है, जो अत्यंत गंभीर और जानलेवा भी हो सकती है। अत्यधिक गर्मी में शरीर की ताप.नियंत्रण प्रणाली प्रभावित हो जाती है, जिससे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र और आंतरिक अंगों पर विपरीत प्रभाव पडता है। समय पर उपचार न मिलने पर मृत्यु तक की संभावना रहती है। गर्मी के दिनों में धूप में निकलते समय सफेद या हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें तथा पर्याप्त पानी पीकर ही घर से बाहर जाएं। सिर, गर्दन और कानों को गमछे या तौलिये से ढंकें, रंगीन चश्मा व छतरी का उपयोग करें। अधिक से अधिक मात्रा में पानी व पेय पदार्थों का सेवन करें। अनावश्यक रूप से धूप में खडे होकर मेहनत या व्यायाम न करें तथा भीड.भाड और घुटन भरे स्थानों में यात्रा से यथासंभव बचें। यदि कोई व्यक्ति लू से प्रभावित हो जाए तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर लिटाकर कपडे ढीले करें और हवा दें। होश में होने पर ओआरएस घोल, पानी, छाछ, लस्सी, नींबू पानी या कच्चे आम का पना जैसे ठंडे पेय पदार्थ पिलाएं। शरीर को ठंडे पानी से पोंछें या आवश्यकता अनुसार स्नान कराएं, परंतु धूप से आने के तुरंत बाद स्नान न कराएं। प्रभावित व्यक्ति को तत्काल निकटतम चिकित्सा संस्था में उपचार के लिए ले जाएं।



## भाजपा नेता बीटा भाटिया पर सुसाइड नोट मामले में पुलिस ने किया अपराध दर्ज

**बड़वाह, निप्र।** मध्यप्रदेश के बड़वाह न्यायालय में स्टांप वेंडर कंवर कालोनी निवासी विवेक भालके ने बीते माह 31 मार्च को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाने के बाद उनके जेब से डॉक्टरों ने एक सुसाइट नोट बरामद किया था। इसे पुलिस को सौंपा गया था। इसमें उन्होंने अपने ससुराल पक्ष के लोगों के साथ ही नगर की कंवर कालोनी में ही रहने वाले एक भाजपा नेता गुरभेजसिह उर्फ बीटा भाटिया पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था।

पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच करने के बाद साक्ष्य और तथ्यों के आधार पर उक्त भाजपा नेता पर आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए बीएनएस की धारा 108 के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं। पुलिस फरार आरोपी भाजपा नेता बीटा भाटिया की तलाश में जुटी है।



**मृतक विवेक भालके ने सुसाइट नोट में:-** ससुराल पक्ष एवं पत्नी पर भी आरोप लगाए थे लेकिन पुलिस को उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिल पाए है। इसके कारण एफआईआर में उनका नाम नहीं है। थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौड़ ने बताया कि इस मामले में मृतक के परिवार जनों के बयान ओर सुसाइड नोट्स में लिखे नामों पर लंबी जांच के बाद गुरभेजसिह उर्फ बीटा भाटिया के खिलाफ मर्ग क्रमांक 38/26 पर धारा 108 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस अब आरोपी की तलाश मे जुटी है। मृतक विवेक भालके से मिले सुसाइट नोट में लिखा है कि बीटा भाटिया ने मेरे चरित्र पर लांछन लगाए हैं। जिससे मे काफी आहत हुआ हु व आत्महत्या के लिए कई बार उकसाया है। बीटा भाटिया के प्रियंका गुप्ता ब्यूटी पार्लर से अवैध संबंध होने का भी लिखा गया है। वही पत्र में विवेक ने ससुराल पक्ष से जुड़े लोगों का भी जिक्र किया था। वहीं संपत्ति किसे मिले उसका भी जिक्र किया है। विदित रहे कि बीटा भाटिया शासकीय अस्पताल के रोगी कल्याण समिति का सदस्य होने के साथ ही भाजपा मंडल में भी पूर्व में कार्यकारिणी में रहा हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर चित्रकला-संगोष्ठी का आयोजन

**भीकनगाव, निप्र।** मप्र राज्य आनंद संस्थान द्वारा जिला प्रशासन खरगोन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय मातृभूमि दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी की गई। जिले के आनंद क्लब एवं आनंदको के सहयोग से भीकनगाव विकास खंड के एकीकृत स्कूल गोविन्दपुरा में प्राचार्य संतोष कुमार व्यास के मुख्य अतिथि में पृथ्वी को बचाने का संदेश देते हुए चित्रकला प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें छात्र छात्रा और स्टाफ शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। जिला समन्वयक आनंद विभाग केबी मंसारे ने बताया कि मानव जीवन को सुरक्षित और आगामी पिढियो के सुरक्षित भविष्य के लिए मातृभूमि की रक्षा जरूरी है। सम्पूर्ण दुनिया में मानव ने भौतिक सुख सुविधाएं जुटाने के लिए धरा का अनुचित दोहन किया है। पेड़ों की कटाई नदीयो मे प्रदुषण, बांध निर्माण आदि, जिसके परिणाम स्वरूप तापमान में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इस अवसर पर सभी को पृथ्वी बचाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शिक्षिका, मोहिनी गुप्ता, बसन्ती मंडलोई, रविना कनासे, ब्रजेश दोणे, प्रदीप टटवाडे शाकीब अली, उपस्थित थे। पुरस्कृत छात्र छात्राओं में गुंजा निगवाल, राधा, जानु, सिया, राशि शिवानी को गिफ्ट प्रदान किया गया।



## एकलव्य स्कूल में 11वीं में प्रवेश 26 तक

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित पात्रता मापदंडों एवं मेरिट के आधार पर संपन्न की जाएगी।

विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का कक्षा 10वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसकी गणना 31 मार्च 2026 तक की जाएगी। विद्यालय में कुल 40 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 9 सीटें बालकों एवं 31 सीटें बालिकाओं के लिए निर्धारित की गई हैं। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आवेदन पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। इसके पश्चात प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन 01 मई 2026 को किया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची के अनुसार किया जाएगा। आवेदन करने के लिए इच्छुक विद्यार्थी विद्यालय कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं अथवा विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र कक्षा 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र के साथ अंतिम तिथि से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।

## हाईकोर्ट के स्थगन आदेश से सरपंच रही रेशमाबाई का पद बरकरार

**गोगावा, निप्र।** ग्राम पंचायत गोगावा की सरपंच रही रेशमा राजेंद्र राणा को आर्थिक वित्तीय अनियमत्ताओ के चलते गत दिनों जिला पंचायत के एक आदेश में 13अप्रैल को सरपंच पद से हटा दिया गया था।

इसी को लेकर रेशमाबाई ने अपने पद को बचाने के लिए हाईकोर्ट इंदौर का रुख किया गया जहा से 21 अप्रैल 2026 को हाई कोर्ट ने रेशमाबाई को राहत देते हुए स्थगन आदेश जारी किया है। जिस पर वे दोबारा अपने पद पर बनी रहेगी। उधर ग्राम पंचायत के सचिव बलिराम यादव ने बताया की जिला पंचायत के जारी आदेश में उपचुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी की गई थी वही 22अप्रैल को पंचों की बैठक व सम्मेलन आयोजित होना था परंतु न्यायालय इंदौर के स्थगन आदेश प्राप्त होने एवम पालन करते हुए अब स्थापन्न सरपंच की प्रक्रिया को स्वत: निरस्त किया जा रहा है।



**एक नजर में** — सीएमओ प्रियंक पंड्या ने दिखाई हरी झंडी, स्वच्छता जागरूकता वाहन रैली निकाली

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी, महेश्वर को सुपर 75 में नंबर वन बनाने का संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सुपर 75 स्वच्छ शहर की श्रेणी में महेश्वर को नंबर वन बनाने के लक्ष्य को लेकर नगर परिषद द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता वाहन रैली को रवाना किया गया।

वाहन रैली का मुख्य उद्देश्य शहर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा अपने-अपने वार्ड एवं पूरे शहर को स्वच्छ, साफ और सुंदर बनाए रखने का संदेश देना रहा। रैली नगर परिषद परिसर से प्रारंभ होकर धामनोद मार्ग, जय स्तंभ चौराहा होते हुए वैष्णवी होटल तक निकाली गई। रैली में ब्रांड एम्बेसडर समाजसेवी मनोज पाटीदार, स्वच्छता प्रभारी महेश गेहलोत, समस्त वार्ड पार्षद, दरोगा सहित वेलफेयर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। रैली के दौरान स्वच्छता संबंधी संदेशों से नागरिकों, व्यापारियों एवं पर्यटकों को जागरूक किया गया, जिसकी शहरवासियों द्वारा सराहना भी की गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अलका गजराज यादव, अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा और पार्षदों ने संयुक्त रूप से कहा कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में महेश्वर को स्वच्छ सुपर शहर 75 की श्रेणी में शामिल कर देश व प्रदेश में नंबर वन बनाना हमारा संकल्प है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, कचरा निर्धारित स्थान पर डालें और अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दें। नगर परिषद ने विश्वास जताया कि जनसहयोग और निरंतर प्रयासों से महेश्वर निश्चित रूप से स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।



